बिजनेस + प्लस

उद्योजकता मार्गदर्शक कार्यशाला रही कारगर

प्रा. राम मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च की पहल

कार्यालय प्रतिनिधि | अमरावती. स्थानीय विदर्भ यूथ वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित प्रा. राम मेघे इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी एंड रिसर्च बडनेरा के इलेक्ट्रानिक्स एन्ड टेलीकम्युनिकेशन विभाग, महाराष्ट्र उद्योजकता वकास केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में उद्योजकता मार्गदर्शक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.आर. बमनोटे की मौजूदगी में किया गया। प्रा. ए.एस. ठाकरे. प्रा. वी.आर. राऊत तथा पी.वी. इंगले, नेत्रदीप चौधरी, वजय वाखेडे ने मार्गदर्शन किया।

प्रास्तावना महाराष्ट्र उद्योजकता विकास के विभागीय अधीक्षक प्रदीप इंगले ने किया और आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रा. राम मेघे इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी एंड रिसर्च के प्राचार्य डॉ. जी.आर. बमनोटे ने छात्रों की सराहना करते हुए नौकरी के पीछे ही नहीं भागते हुए उद्यमी बनने का छात्रों से आग्रह किया। संचालन नेत्रदीप चौधरी और आभार प्रदर्शन प्रा. नितिन ठाकरे ने किया। कार्यशाला के दौरान छात्रों को स्वरोजगार के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पी.वी. इंगले, अमृतवेल प्लास्टिक मोल्डिंग कंपनी के आशीष सावजी ने छात्रों से बातचीत कर बेहतरीन मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के दूसरे दिन छात्रों को एमआईडीसी की विभिन्न कम्पनियों में ले जाकर प्रोडक्ट कैसे तैयार होते हैं, इसकी जानकारी दी गई। प्रा. आशय रोकडे, प्रा. अमोल माहोरे, प्रा. नितिन ठाकरे का योगदान रहा। संस्थाध्यक्ष डॉ. नितिन धांडे, एड. उदय देशमुख, सचिव युवराजसिंह चौधरी, डॉ. हेमंत देशमुख सहित सभी पदाधिकारियों ने छात्रों की सराहना की।

'राम मेघे' में उद्योजकता मार्गदर्शक कार्यशाला

इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, आईआईसी व एमसीईडी का संयुक्त उपक्रम

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

बडनेरा, 24 नवंबर- स्थानीय विदर्भ यूथ वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित प्रा. राम मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च, बडनेरा के इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग व इंस्टीट्यूशन इनोवेशन सेल व महाराष्ट्र उद्योजकता विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में उद्योजकता जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया था. दो दिवसीय कार्यशाला का उद्‌घाटन प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. आर. बमनोटे के हस्ते किया गया. इस प्रसंग पर विभाग के कॉर्डिनेटर प्रा. एन. एस. ठाकरे, प्रा. वी.आर. राउत, उद्योजकता केंद्र के आरओ पी.वी. इंगले, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर नेत्रदीप चौधरी, विजय वानखडे आदि उपस्थित थे.

इस दो दिवसीय कार्यशाला के संबंध में उद्योजकता विकास केंद्र के विभागीय अधीक्षक प्रदीप इंगले ने प्रस्तावना रखी. पश्चात प्राचार्य डॉ. जी.आर. बमनोटे ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आज के युग में उद्योजकता का महत्व विषद किया तथा सभी विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए उनकी सराहना की. कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के विजय वानखडे ने विद्यार्थियों को नए-नए उद्योगों के प्रकार के संबंध में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से कहा कि, इन विभिन्न प्रकारों में से हम नए उद्योग निर्माण कर सकते हैं. कार्यशाला के दूसरे सत्र में महाराष्ट्र उद्योजकता विकास केंद्र के रिजनल ऑफिसर पी.वी इंगले ने विद्यार्थियों को नए-नए उद्योग शुरू करने की विविध संकल्पनाएं समझाई तथा इसके लिए राज्य शासन व भारतीय शासन की विविध योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी. जिसके कारण प्रत्येक विद्यार्थी के मन में वह नया व्यवसाय शुरू कर सकता है, ऐसा आत्मविश्वास प्राप्त हुआ. कार्यशाला के दूसरे दिन सभी विद्यार्थियों को अमरावती एमआईडीसी की विविध प्रसिद्ध कंपनियों में ले जाकर प्रात्यक्षिक बताए गए. इस इंडस्ट्रियल विजिट के कारण विद्यार्थियों को उद्योग के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई. कार्यशाला में 70 विद्यार्थी उपस्थित थे. सभी विद्यार्थियों को महाराष्ट्र शासन का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. इस प्रसंग पर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. नितिन धांडे, उपाध्यक्ष एड. उदय देशमुख, सचिव युवराजसिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष डॉ. हेमंत देशमुख तथा सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने विद्यार्थियों की सराहना कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी